## काशी सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025 एवं ''काशी सांसद स्केचिंग व पेंटिग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025''

काशी के गौरवशाली इतिहास, समग्र विकास और संस्कृति को अपने कैमरा, स्केचिंग व पेंटिंग के माध्यम से सभी काशी वासी अपनी प्रतिभा को दिखा सकें, इसके लिए **काशी सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025 एवं ''काशी सांसद स्केचिंग व पेंटिग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025''** का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें काशी लोक सभा क्षेत्र के सभी आयु वर्ग के व्यक्ति प्रतिभाग कर सकेगें। प्रतियोगिता दो चरण में काशी लोकसभा क्षेत्र के 03 विकास खण्ड सेवापुरी, अराजीलाईन एवं काशीविद्यापीठ के साथ सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण में ऑनलाइन राउण्ड दिनांक 19–22 अगस्त,2025 तक प्रस्तावित थी, जिसे बढ़ाकर 30 अगस्त,2025 तक किया गया है तथा फाइनल /ऑफलाइन राउण्ड की प्रतियोगति दिनांक 25–27 अगस्त,2025 तक प्रस्तावित थी, जो अब दिनांक 03–05 सितम्बर को आयोजित की जायेगी, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क0सं0 | प्रतियोगिता | आयोजन का स्तर | प्रस्तावित तिथि | संसोधित तिथि | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काशी सांसद स्केचिंग प्रतियोगिता–2025 | आनलाइन राउण्ड | 19–22 अगस्त,2025 | 19–30 अगस्त,2025 | सिगरा स्टेडियम |
| | | ऑफलाइन राउण्ड | 25–27 अगस्त,2025 | 03–05 सितम्बर,2025 | |
| 2 | काशी सांसद पेंटिंग प्रतियोगिता–2025 | आनलाइन राउण्ड | 19–22 अगस्त,2025 | 19–30 अगस्त,2025 | |
| | | ऑफलाइन राउण्ड | 25–27 अगस्त,2025 | 03–05 सितम्बर,2025 | |
| 3 | काशी सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025 | आनलाइन राउण्ड | 19–22 अगस्त,2025 | 19–30 अगस्त,2025 | |
| | | ऑफलाइन राउण्ड | 25–27 अगस्त,2025 | 03–05 सितम्बर,2025 | |

**काशी सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025**

- प्रतियोगिता दो मुख्य कैटेगरी में आयोजित की जायेगी । प्रथम में काशी के पिछले 10 वर्षों के समग्र विकास पर सन्वर्ती काशी एवं दूसरा जनरल कैटेगरी ।
- जनरल कैटेगरी में 20 थीम स्थापित की गयी है।
- सन्वर्ती काशी के वेस्ट 7 प्रतिभागी एवं जनरल कैटेगरी के प्रत्येक थीम के बेस्ट 3–3 प्रतिभागी अगले राउण्ड में जायेगें। इन सभी को विजेता प्रमाण पत्र दिया जायेगा।
- प्रतियोगिता में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक नियम एवं शर्ते बनायी गयी है तथा प्रथम चरण के विजेता की वेस्ट फोटो चयनित करने के लिए एक समिति गठित की गयी है।
- प्रतियोगिता में एक व्यक्ति द्वारा दो थीम में प्रतिभाग किया जा सकता है।
- दूसरे चरण की प्रतियोगिता दिनांक 03–05 सितम्बर,2025 को सिगरा स्टेडियम में आयोजित की जायेगी, जिसमें प्रथम चरण के स्क्रीनिंग के विजेता की प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

**काशी सांसद स्केचिंग व पेंटिग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता–2025–**

- प्रतियोगिता काशी के घाट, सीढ़ी, मन्दिर, गलियां, एतिहासिक एवं पुरातत्व महत्व के स्थल, स्मारक, पिछले 10 वर्षों में समग्र विकास थीम कैटेगरी पर आधारित होगी, जिसके बेस्ट 3 को अगले राउण्ड में लेकर जाया जायेगा।
- काशी सांसद स्केचिंग, पेंटिग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता दो चरणों में ऑनलाइन चरण एवं ऑफलाइन चरण में प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।
- काशी सांसद स्केचिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता कुल 5 वर्गों में 12 थीमों पर आयोजीत की जायेगी।
- दूसरे चरण की ऑफलाइन प्रतियोगिता दिनांक 03–05 सितम्बर,2025 को सिगरा स्टेडियम में आयोजित की जायेगी, जिसमें प्रथम चरण के स्क्रीनिंग के विजेता की स्केचिंग व पेंटिंग को प्रैक्टिकल में आयोजित की जायेगी, जिसमें विजेता चिन्हित किये जायेगें।

अतः काशी संसदीय क्षेत्र के समस्त नागरिकों/आमजन से अनुरोध है कि जो उपरोक्त प्रतियोगिताओं में पंजीकरण दिनांक 30–08–2025 तक खुला रहेगा, जो भी व्यक्ति प्रतिभाग करना चाहते है, निम्न वेबसाईट पर अपना पंजीकरण कर सकते है–

https://register.kashisansadphotographycompetition.com/

https://register.kashisansadsketchingpratiyogita.com/

https://register.kashisansadpaintingpratiyogita.com/